प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.10.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00 बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस का संगठन इसी महीने बना दिया जाएगा। सुक्खू ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संगठन के विस्तार की तैयारियां पूरी कर ली गई है और इसी महीने के अंत तक इसकी घोषणा भी कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले की निंदा की और कहा कि ये घटना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में समय से पहले सर्दियों की शुरूआत को जलवायु परिवर्तन का नतीजा करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में मौसम में आसामान्य बदलावों के संकेत स्पष्ट दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि प्रदेश में अब सब कुछ सामान्य हैं और पर्यटक अब यहां घूमने आ सकते हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार अपने सीमित संसाधनों से आपदा प्रभावितों की हर संभव सहायता कर रही है और सरकार प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री आज शिमला में आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री के 5 वाहनों को हरी झंडी दिखाने के मौके पर बोल रहे थे। ये राहत सामग्री अंतर्राष्ट्रीय लायंस क्लब ने दान दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार मॉनसून के दौरान आई आपदाओं में 4 सौ 54 लोगों की जान चली गई और सार्वजनिक व निजी संपत्ति को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए आगे आए संगठनों व लोगों के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की है।

जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव 22 सितंबर से शुरू हुआ यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट –

रक्तदान शिविर

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव के मौके पर आज कुल्लू में ज़िला प्रशासन, ज़िला परिषद, ज़िला रैडक्रास सोसायटी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मंडी के मंडल आयुक्त डॉक्टर आर.के. पुरथी ने किया। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए सभी संस्थाओं का आभार जताया। पुरथी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस प्रकार के सार्वजनिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लें और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने में सहयोग करें। ज़िला प्रशासन ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आज भी प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी और मध्यम व मैदानी इलाकों में वर्षा का सिलसिला जारी है। इससे तापमान में जोरदार गिरावट आई है। चंबा, लाहौल–स्पिति, किन्नौर और कुल्लू जिले के उंचाई वाले क्षेत्रों में इस सीजन का पहला हिमपात हुआ है। ताजा बर्फबारी के चलते चम्बा जिला की पांगी घाटी का सड़क सम्पर्क शेष विश्व से कट गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बारिश का यह क्रम जारी रहने की संभावना जताई है। विभाग ने आज चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और लाहौल स्पीति ज़िलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा और बर्फबारी का यलो अर्लट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि राज्य में 8 व 9 अक्तूबर को भी अलग–अलग स्थानों पर वर्षा व बर्फबारी होगी। इसके बाद राज्य में मौसम में सुधार की संभावना है।

———————————————